**Headline: " Women Research Scholars Constitute 50% of the New PhD Program Batch "**

Print Coverage:

| Date | Publication | Edition |
|---|---|---|
| **11 July, 2026** | Danik Bhaskar | All |

# PHD प्रोग्राम के नए बैच में 50% महिला रिसर्च स्कॉलर्स

## आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के 13वें पीएचडी बैच में सामने आया रुझान



**सिटी रिपोर्टर •** हेल्थ सेक्टर में रिसर्च और पॉलिसी मेकिंग में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अब साफ तौर पर नजर आने लगी है। इसका उदाहरण आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के 13वें पीएचडी बैच में देखने को मिला। इस बार पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश लेने वाले रिसर्च स्कॉलर्स में 50% महिलाएं हैं, जबकि पिछले बैच में यह आंकड़ा 32% था। इस वर्ष पीएचडी प्रोग्राम में 20 रिसर्च स्कॉलर्स ने एडमिशन लिया है। इनमें डब्ल्यूएचओ, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नीति आयोग, एम्स जम्मू, फोर्टिस हेल्थकेयर, नारायणा हेल्थ, एस्टर मेडसिटी, द अंतरा फाउंडेशन और श्री सरस्वती कराड़ हॉस्पिटल से जुड़े प्रोफेशनल्स शामिल हैं।

यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी. आर. सोडानी ने बताया कि इस बार पीएचडी प्रोग्राम के लिए भारत के अलावा यूएई, लाइबेरिया समेत कई देशों से 120 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। महिला रिसर्च स्कॉलर्स की भागीदारी में 18% की बढ़ोतरी हुई है। हेल्थ सेक्टर की जटिल चुनौतियों का समाधान एविडेंस-बेस्ड रिसर्च से ही संभव है और अलग-अलग पृष्ठभूमि से आने वाले रिसर्च स्कॉलर्स इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। पीएचडी प्रोग्राम की कोऑर्डिनेटर डॉ. काजल सितलानी ने नए रिसर्च स्कॉलर्स को जिज्ञासा, ईमानदारी और समाज के हित में उपयोगी रिसर्च करने के लिए प्रेरित किया।